## फर्जी कागजात से भूखंड लेने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे 15 सितंबर तक पूरा किया जाए

# बड़ी परियोजनाएं छह माह में पूरी होंगी: सतीश महाना

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने कहा है कि महत्वपूर्ण परियोजनाएं एक से छह माह में पूरी की जाएं। ऐसे प्रोजेक्ट को चिन्हित कर नियमित रूप से इनकी मॉनीटरिंग की जाए और योजनाओं के मद में भेजी गई धनराशि का व्यय भी समय से किया जाए। कोविड-19 के कारण योजनाओं की प्रगति धीमी रही, लेकिन अब तेजी लाकर परियोजनाओं को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा किया जाए। फर्जी कागजात बनाकर जिसने भी भूखंड आवंटन में धोखाधड़ी की हो, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाए।



औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना ने बुधवार को पिकप भवन में विभागीय योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान आईडीसी संजीव मित्तल भी मौजूद थे।

औद्योगिक विकास मंत्री ने बुधवार को पिकप भवन में विभागीय योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत, वाणिज्यिक व आवासीय भवनों, भूखण्डों और स्पोर्ट सिटी आदि के कामों में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 800.90 करोड़ रुपये की लागत से पेयजल की आपूर्ति के लिए गंगाजल परियोजना और 1729.38 करोड़ रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीयल टाउनशिप परियोजना शीघ्र ही लोगों को समर्पित की जाए।

औद्योगिक विकास आयुक्त संजीव मित्तल ने बताया कि पूरे प्रदेश में चार स्पोर्ट सिटी का निर्माण किया जाना है। यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे प्रोजेक्ट 15 सितंबर तक में पूरा कर लिया जाएगा।